# गांधी नगर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में अवैध शुल्क वसूलने में जुटे निगमकर्मी

## लोगों को वाहन पार्किंग की पर्ची दिए बिना ही तय शुल्क से ज्यादा रकम खुद के बैंक खातों में ट्रांसफर करवा रहे




गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग पर ग्रेटर निगम का सफाईकर्मी रमेश मीणा खुद के बैंक खाते में शुल्क लेता हुआ।




रमेश के साथ दो अन्य व्यक्ति खुद को निगमकर्मी बताकर पार्किंग पर बैठे थे।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर वाहन पार्किंग के नाम पर ग्रेटर नगर निगम के कर्मचारी ही आमजन से अवैध वसूली करने में जुटे हैं। लोगों को उनके वाहनों के पार्किंग शुल्क की पर्चियां दिए बिना ही तय शुल्क से ज्यादा रकम वसूली जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने जिन कर्मचारियों को यहां लगा रखा है, वह हर रोज सिर्फ 1500 से 2200 रुपये ही जमा करवा रहे हैं, बाकी हर रोज करीब 5 से 6 हजार रुपये खुद की जेब में डाल रहे हैं।

मंगलवार को जैसे ही गांधी नगर स्टेशन पर पार्किंग स्थल पर तैनात मालवीय नगर जोन के सफाई कर्मचारी रमेश कुमार मीणा की अवैध वसूली का वीडियो ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ के पास पहुंचा तो उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए सफाईकर्मी को निलंबित कर दिया। इस संबंध में 23 अप्रेल की शाम को आदेश जारी हुआ।

सूत्रों की मानें तो गांधी नगर स्टेशन की पार्किंग को पूर्व में ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने ठेके पर करीब 10 लाख रु. में ई-ऑक्शन के जरिए मैसर्स रितुराज एसोसिएट्स को दे

- **अवैध वसूली का वीडियो जैसे ही ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ के पास पहुंचा तो उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए मालवीय नगर जोन के सफाईकर्मी रमेश कुमार मीणा को निलंबित किया**
- **गांधी नगर पार्किंग स्थल के ई-ऑक्शन पर कोर्ट स्टे होने के कारण फिलहाल मालवीय नगर जोन के अधिकारी-कर्मचारी ही कर रहे हैं पार्किंग का संचालन**
- **मजेदार बात यह है कि पार्किंग स्थल पर जिन नगर निगम कर्मचारियों की ड्यूटी है, उनके अलावा निजी लोग भी अवैध तरीके से पार्किंग संचालन के काम में लगे हैं**

रखा था। एक वर्ष तक पार्किंग संचालित करने के बाद ठेकेदार ने नियमों के मुताबिक 10 प्रतिशत ज्यादा शुल्क पर इसका कार्यकाल एक वर्ष अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया, लेकिन अधिकारियों ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद ठेकेदार ने राजस्थान उच्च न्यायालय में पहुंचा और नगर निगम प्रशासन को चुनौती देते हुए इस पार्किंग के ई-ऑक्शन पर जनवरी 2024 में स्टे ले लिया। तब से यह पार्किंग मालवीय नगर जोन के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संचालित की जा रही है।

सूत्रों की मानें तो गांधी नगर स्टेशन की पार्किंग का शुल्क दुपहिया वाहनों के लिए 10 रुपये प्रथम तीन घंटे के लिए और उसके बाद 3 से 12 घंटे के लिए 20 रु. तय है। इसी प्रकार चौपहिया वाहनों के लिए शुरूआती 3 घंटों के लिए 20 रु और 3 से 12 घंटे के लिए 40 रुपये है। इसके बावजूद मालवीय नगर जोन के जो कर्मचारी इस पार्किंग स्थल का संचालन पिछले 3 माह से कर रहे हैं, वह आमजन से करीब 40 से 100 रुपये तक का मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। निगमकर्मी यह रकम अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवा रहे हैं। लोगों को उनके वाहनों की पार्किंग शुल्क की पर्चियां भी नहीं दी जा रही। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर पार्किंग स्थल से कोई वाहन चोरी हो जाए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।


सूत्रों की मानें तो गांधी नगर स्टेशन की पार्किंग में हर रोज करीब 8 हजार रुपये से ज्यादा की आय होती है, लेकिन इन कर्मचारियों द्वारा नगर निगम में हर रोज 1500 से 2200 रुपये तक ही जमा करवाये जा रहे हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि कर्मचारियों ने खुद के पास प्राइवेट व्यक्तियों को भी पार्किंग संचालन के लिए अपने स्तर पर ही लगा लिया, जिनका वेतन भी स्वयं दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि मैसर्स रितुराज एसोसिट्स ने यह ठेका करीब 10 लाख रुपये में एक वर्ष के लिए लिया था। यानि कि ठेकेदार प्रतिदिन करीब 3 हजार रु. का राजस्व तो नगर निगम को देता था, इसके अलावा खुद का मुनाफा और कर्मचारियों के वेतन खर्च और 18 प्रतिशत जी.एस.टी. शुल्क समेत करीब 60 प्रतिशत का मार्जिन रखता था। यानि कि 10 लाख रु. के ठेके में प्राइवेट फर्म करीब 16 से 20 लाख रु. की आय करती। फिलहाल नगर निगम प्रशासन ने दिन और रात के समय में दो सफाईकर्मी पार्किंग स्थल पर लगा रखे हैं, जिनकी प्रतिमाह तनख्वाह 80 से 90 हजार रु. है। ऐसे में नगर निगम के लिए यह राजस्व अर्जन के बजाय राजस्व घाटे का सौदा साबित हो रहा है। हालांकि जिन चहेते सफाई कर्मचारियों को मालवीय नगर जोन के अधिकारियों ने पार्किंग संचालन में लगा रखा है, उनकी रोजाना ऊपरी आय करीब 5 से 6 हजार रुपये हो रही है।

मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बराड़ का इस मामले में कहना है कि, गांधी नगर पार्किंग स्टेशन पर अवैध वसूली की शिकायतें मुझे मिली थी, मैंने इसका सत्यापन भी करवाया। यह बात यह ही है कि गांधी नगर पार्किंग स्टेशन पर अवैध वसूली जैसी गड़बड़ियां की जा रही है। जल्द ही हम कार्रवाई करेंगे।

# 14 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही पांच अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

## जे.डी.ए. की प्रवर्तन विंग ने इन कॉलोनियों में बनी मिट्टी-ग्रेवल की रोड व अन्य निर्माण ध्वस्त किए



**जयपुर** (कासं)। जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने 14 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर काटी जा रही 5 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। यह कॉलोनियों कृषि भूमि का बिना भू-रूपांतरण करवाये और जयपुर विकास प्राधिकरण की अनुमति बिना ही बसाई जाने की तैयारी थी।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-14 स्थित बाजडोली रोड पर 2 बीघा कृषि भूमि पर काश्तकार और बिल्डरों ने रातोंरात भूमि समतल कर मिट्टी-ग्रेबल सड़कें, बाउन्ड्रीवाल, सीमेन्ट के पिल्लर गाड़कर, ट्रीगार्ड व अन्य अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी कर ली थी।

इसी प्रकार चन्दलाई रोड संजीवनी डिवाईन एकेडमी स्कूल के सामने भी 4 बीघा कृषि भूमि पर "रिद्धी सिद्धी नगर-द्वितीय" तथा यहां से 500 मीटर आगे 2 बीघा कृषि भूमि पर "रिद्धी सिद्धी नगर-प्रथम" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने के लिए मिट्टी-ग्रेबल की सडकें और बाउण्ड्रीवाल बना ली गई थी। इसी तरह ग्राम शिकारपुर के खसरा नं. 49 व 50 में चार बीघा कृषि भूमि पर भी कॉलोनी काटने की तैयारी थी। इन सभी जमीनों का काश्तकारों ने ना तो भू-रूपांतरण कराया और ना ही जेडीए से कोई अनुमति व स्वीकृति ली। अब यहां रातोंरात कॉलोनियां काटकर भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेचकर ठगने की तैयारी थी। इन अवैध कॉलोनियों की सूचना मिलते ही मंगलवार को प्रवर्तन टीम ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण ध्वस्त किया।

इसी प्रकार वाटिका रोड पर एच.पी. पैट्रोल पम्प मानपुरा के पास भी 2 बीघा कृषि भूमि पर बिना भू रूपान्तरण करवाए "रिद्ध सिद्धी" बसाया जा रहा था। यहां पर भी काश्तकार और बिल्डरों ने रातों-रात ग्रेवल सड़क, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर लिए थे। इस पर जेडीए ने यहां भी कार्रवाई कर अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

## चौथी मंजिल से कूदकर युवक ने आत्महत्या की

**जयपुर** । जालूपुरा थाना इलाके में स्थित के गणपति प्लाजा की चौथी मंजिल से मंगलवार की दोपहर कूद कर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। जो चौथी मंजिल पर स्थित शेखावाटी कॉम्प्लेक्स ऑफिस बॉय का काम करता था। यही पर बने हुए एक कमरे में रहता था। पुलिस ने मृतक की जेब से मोबाइल और कुछ अन्य सामान सीज किया हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान गौरव त्रिपाठी (26) के रूप में हुई है। जो मूलरूप से नया बाजार होली धड़ा जंगली चबूतरा अजमेर का रहने वाला है। वह काफी समय से शेखावाटी कॉम्पलेक्स में काम कर रहा था। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि गौरव त्रिपाठी खाना खाने की बोलकर ऑफिस से बाहर निकला था। फिर अचानक बालकनी में आकर नीचे कूद गया। कूदते हुए उसे ऑफिस स्टाफ में से किसी ने नहीं देखा। जमीन पर गिरने के बाद जब लोगों ने शोर किया तो तब शेखावाटी कॉम्प्लेक्स में काम करने वाले लोगों को पता चला कि उसने आत्महत्या की है। जानकारी के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसके चलते उसने यह कदम उठाया। शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा गया है। पुलिस ने परिवार को घटना की जानकारी दे दी है। परिवार के आने के बाद ही मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

# मुंह दबाकर महिला की हत्या कर फरार हुआ बदमाश

**जयपुर** । बगरू थाना इलाके में लूट के इरादे से घर में घुसकर बदमाश ने एक महिला की मुंह दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद बदमाश अंदर से दरवाजा बंद कर मकान की दत से कूदकर भाग निकला। घटना के समय परिवार के बाकी सदस्य एक शादी में गए थे। वापस लौटने पर उन्हें घटना का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक संदिग्ध युवक को पकडा है। पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के लिए दस लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने जल्द ही इस हत्याकांड से पर्दा उठाने की बात कहीं है।

पुलिस ने बताया कि बारवाल की ढाणी लोहरवाड़ा वेदांत सिटी में रहने वाली हीरा देवी (51) पत्नी भीम सिंह की हत्या करना सामने आया है। यहां मृतक महिला अपने बेटे-बहू, पोता-पोती के साथ रहती थी। बीस अप्रैल को बेटा सतीश पत्नी-बच्चों के साथ अजमेर शादी में गया था। 21 अप्रैल की रात बदमाश लूट के इरादे से घर में घुस गया। घर में अकेली मौजूद मिली हीरा देवी ने बदमाश का विरोध किया तो मुंह दबाकर हत्या कर दी। लाश को बेड पर पटक कर हत्यारा फरार हो गया।

- **लूट के इरादे से घर में घुसे बदमाश ने की वारदात**

रविवार रात करीब 10.40 बजे कॉल करने पर मां हीरा देवी ने फोन नहीं उठाया। बार-बार फोन करने के बाद भी कॉल पिक नहीं किया। बड़े भाई मांगीलाल को कॉल कर भांजे पुलकित को घर भेजने के लिए कहा। भांजा पुलकित और चचेरी बहन माया और मौसी की लड़की अंजली घर पहुंचे। घर का गेट अंदर से बंद था। लाइट भी बंद थी। काफी आवाज लगाने के बाद भी मां हीरा देवी ने जबाव नहीं दिया। अनहोनी की आशंका पर गेट की कुंदी तोड़कर घर के अंदर गए। घर के अंदर जाकर कमरों में देखा। अंदर वाले कमरे में मां हीरा देवी की लाश बेड पर पड़ी हुई थी। मां की लाश देखकर परिवार के सदस्यों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आस-पास के लोग भी इकट्ठा होकर घर पहुंच गए। मर्डर की सूचना पर बगरू थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। मां हीरा देवी के गले पर चोट के निशान थे। पास ही तकिया पड़ा हुआ था।

मां हीरा देवी की हत्या के बाद बदमाश ने घर को अंदर से लॉक कर दिया था। सभी लाइट बंद कर दी। इससे किसी को शक नहीं हो। उसके बाद छत पर पहुंचा। गेट को बाहर से लॉक कर हत्यारा कूदकर भाग निकला। जब लोग घर पर एकत्रित हुए इस दौरान घर के पास एक मोबाइल की लाइट जलती दिखी। लोगों ने उस युवक को पकड़ लिया। पकड़ा गया राजू छीपा बगरू का रहने वाला है। नशेड़ी प्रवृत्ति का राजू अक्सर घर के पास आता-जाता रहता था। कई बार उसे घर के आस-पास घूमने से मना भी किया था। संदिग्ध को पकड़ कर लोगों ने बगरू थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस फिलहाल पूछताछ कर जल्द ही हत्या के मामले का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

# मुहाना में व्यापारी से 71 लाख रुपए की लूट

**जयपुर** । मुहाना इलाके में मंगलवार को स्कॉर्पियो सवार आधा दर्जन बदमाशों ने एक व्यापारी से मारपीट कर 71 लाख रुपए लूट लिए। बदमाशों ने व्यापारी की कार में भी जमकर तोड़फोड़ की है। पीडित व्यापारी सीकर से जमीन खरीदने के लिए रुपए लेकर जयपुर आया था और वह अपने रिश्तेदार के यहां पर ठहरा हुआ था।

पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम को सीकर निवासी देंवेंद्र जांगिड कार लेकर कहीं जा रहा था। सुमेर नगर विस्तार वीटी रोड पर एक काले रंग की स्कर्पियों कार ने उसकी गाड़ी के आगे लगाकर उसे रोका। कार से आधा बदमाश उतरे और उसकी कार में जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद बदमाश व्यापारी से मारपीट कर 71 लाख रुपयों से भरा बैग छीनकर ले गए। इस पर पीडित ने घटना की जानकारी कंट्रोल रुम को दी। इस पर डीसीपी सहित पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई है। एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया कि देवेंद्र जयपुर में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए आया था और वह कुछ दिन से अपने रिश्तेदार के यहां पर रुका हुआ था। मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। वहीं कार के नम्बरों के आधार पर भी बदमाशों की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर है।

- **जमीन खरीदने के लिए सीकर से जयपुर आया था पीड़ित, आधा दर्जन बदमाशों ने मारपीट कर रकम लूटी**

## डॉलर दिखाकर ठगने वाली गैंग का सरगना गिरफ्तार

**जयपुर** । मालपुरा पुलिस ने अमेरिकन डॉलर दिखाकर ठगी करने वाली गैंग के मुख्य सरगना को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी कचरा बीनने का काम करता है कचरे में विदेशी डॉलर मिलने की कहकर स्थानीय दुकानदार एवं राहगीरों को लालच में लेकर सस्ते दामों में डॉलर बेचने का झांसा देकर बडी रकम ठगता था।

पुलिस ने बताया कि मालपुरा थाना पुलिस ने अमेरिकन डॉलर दिखाकर ठगी करने वाली गैंग के मुख्य सरगना मोहम्मद समीर निवासी जोलिंगर जिला मुर्शिदाबाद कोलकाता (पश्चिम बंगाल) हाल रामसिंहपुरा सांगानेर को बापर्दा गिरफ्तार किया है। आरोपित अखबार से कागज के बण्डल बना कर उन पर एक दो डॉलर के नोट लगाकर गड्डियां बनाकर एक थैले मे रखते है तथा थैला खोलकर ऊपर के नोट दिखाकर पुलिस व अन्य लोगों को पता चलने की कहकर जल्दी से डील फाइनल कर देते है।

# राज्यपाल ने हनुमान जन्मोत्सव पर परिवार सहित पूजा-आरती की



राज्यपाल कलराज मिश्र ने हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र के साथ राजभवन स्थित राजराजेश्वर मंदिर में अंजनी पुत्र हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर विधिवत आरती की। राज्यपाल ने हनुमान जी से प्रदेश की खुशहाली और सुख-संपन्नता के लिए कामना की।

## सार-समाचार

### धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**जयपुर** । पुरोहितजी का कटला स्थित प्याऊ पीपलेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में विशेष श्रृंगार सजावट की गई। हनुमानजी को पंचामृत अभिषेक किया गया और सिंदूरी चोला चढ़ाने के बाद नई पोशाक धारण करवाई गई। बड़ी संख्या में लोगों और कटला स्थित व्यापारियों ने पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। मंदिर के सदस्य वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक, राजेंद्र टांक, सोमू, हेमंत टांक, राधे, पिंकी, गिर्राज, मुकेश व रोहित ने कार्यक्रम किया। शाम को भक्तों को पंगत प्रसादी करवाई गई।

### होटल में खाने के पेमेंट को लेकर विवाद

**जयपुर** । खाने के पेमेंट को लेकर विवाद होने के बाद एक परिवार के लोगों ने होटल मालिक से जमकर मारपीट की। मारपीट के साथ आरोपियों ने होटल में तोड़फोड़ भी कर डाली। इस पूरे मामले को लेकर दोनों पक्षों ने चित्रकूट थाने में मामला दर्ज करवाया है। यह पूरा घटनाक्रम होटल में लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गया। पुलिस ने बताया कि केशव नगर सिविल लाइंस निवासी रघुवीर सिंह राठौड़ (80) ने मामला दर्ज करवाया कि विद्युत नगर चित्रकूट में उनका उत्सव नाम से होटल है। रविवार दोपहर वह काउंटर पर बैठकर होटल संभाल रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे गौरव सोनी नाम का युवक होटल में आया। उसके साथ 3 युवक और 5 युवतियां भी थीं। गौरव सोनी नाम के युवक ने होटल में खाना खाने का ऑर्डर दिया। ऑर्डर के हिसाब से स्टाफ ने खाना बनाकर उसको सर्व कर दिया। होटल में आए सभी युवक-युवतियों ने खाना खाया। खाना खाने के बाद पेमेंट करने की बात पर मना कर दिया। खाना अच्छा नहीं होने की कहकर स्टाफ से कहासुनी करने लगे। काउंटर पर जाकर होटल मालिक रघुवीर सिंह से बहस करने लगे। खाने का पेमेंट नहीं करने की कहकर गुस्साए युवक-युवतियों ने अचानक हमला कर दिया। होटल ऑनर को पीटना शुरू कर दिया। स्टाफ के आने पर मारपीट कर तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। दोनों पक्षों के एक-दूसरे से झगड़ने पर एक बार मामला शांत हो गया। इसके बाद दोबारा युवक-युवतियों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ कर मारपीट कर दी। धमकी देकर हमलावर वहां से फरार हो गए।

### शराब-गांजा तस्करी में लिप्त 6 दबोचे

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रताप नगर ,ज्योति नगर, बिंदायका,खोह नागोरियान और विश्वकर्मा थाना इलाके में अवैध शराब माफिया और गांजा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को धर-दबोचा है और उनके पास से देशी शराब के 612 पव्वे,बीयर की 13 बोतल बीयर,बीयर की 14 कैन सहित गांजा की 45 पुड़िया बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रताप नगर ,ज्योति नगर,बिंदायका,खोह नागोरियान और विश्वकर्मा थाना इलाके में अवैध शराब माफिया और गांजा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए विमला सांसी,पूजा सांसी,पारो सांसी,श्रीदेवी,नगीना सांसी और धर्मेंद्र सांसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से देशी शराब के 612 पव्वे,बीयर की 13 बोतल बीयर,बीयर की 14 कैन सहित गांजा की 45 पुडिया जब्त की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### पत्थर से सिर फोड़कर युवक को लूटा

**जयपुर** । मानसरोवर थाना इलाके में युवक से मारपीट कर उसका पत्थर से सिर फोड दिया और फिर बदमाश उससे मोबाइल व नकदी छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि करौली निवासी रामबरन (27) ने मामला दर्ज करवाया कि वह नारायण विहार में रहकर मजदूरी का काम करता है। बीस अप्रेल की रात वह सब्जी लेकर पैदल घर लौट रहा था। इस दौरान नारायण सागर पहुंचने पर बाइक सवार एक लड़के ने उसको रुकवा लिया। बाइक से उतरते ही मुंह पर मुक्का मारा। लात-घुसों से मारपीट करने पर बचने के लिए रामबरन पास ही खाली प्लाट में चला गया। पीछा करते हुए आए हमलावर ने पत्थर से रामबरन के सिर पर वार कर लहूलुहान कर दिया। सिर-मुंह से खून निकलने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाश उसकी जेब में रखा मोबाइल व 3 हजार रुपए लूट कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर मानसरोवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल रामबरन को इलाज के लिए जयपुरिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। पुलिस ने पीड़ित के पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज किया।

### वकील से फोन पर फिरौती मांगी

**जयपुर** । अशोक नगर थाना इलाके में एक हाईकोर्ट के वकील को एक व्यक्ति ने फोन कर धमकी देकर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में वकील चैन सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि उसका सिरसी रोड पर प्लाट है। उसे 9 अप्रैल को रूप सिंह ने फोन कर धमकाया कि वह गैंग चलाता है। उसे जान प्यारी है तो उनकी सेवा करनी पड़ेगी। आरोपी ने उससे फिरौती की भी मांग की। इस पर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि वकील द्वारा पेश परिवाद पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पीड़ित ने मोबाइल में कॉल रिकॉर्डिंग भी सबूत के तौर पर पुलिस को पेश किए है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### मेडिकल स्टोर से नकदी-दवाईयां चोरी

**जयपुर** । बजाज नगर इलाके में चोर एक मेडिकल शॉप का शटर ऊंचा कर नकदी व दवाइयां ले गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों का पता लगाने में जुट गई है। जांच अधिकारी एसआई फूलचंद ने बताया कि जगतपुरा निवासी संजीव वर्मा (44) ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बजाज नगर में नारायण मेडिकल के नाम से शॉप है। 21 अप्रैल की रात करीब 10 बजे रोज की तरह शॉप लॉक कर घर गए थे। पीछे से दो बदमाशों ने चोरी के लिए शॉप को निशाना बनाया। लोहे की रॉड से दुकान के शटर को बीच से ऊंचाकर बदमाश अंदर घुसे। गल्ले का लॉक तोड़कर उसमें रखे 70 हजार रुपए, चांदी की दो मूर्तियां व सिक्का चोरी कर ले गए। अगले दिन सुबह पड़ोसी मंदिर के पुजारी ने कॉल कर शॉप में चोरी की सूचना दी। दुकान पहुंचने पर सामान बिखरा मिला। गल्ले में रखे रुपए गायब थे। वारदात स्थल के आस-पास मिले सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाश नजर आ रहे है।

### अमर सिंह बघेल बने अध्यक्ष

**जयपुर** । पार्क व्यू कॉलोनी विकास समिति की आम सभा 21 अप्रेल को आयोजित हुई, जिसमें कार्यकारिणी के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। सभी कॉलोनीवासी की सहमति से कार्यकारणी का पुर्नगठन किया गया। इसमें अमरसिंह बघेल को अध्यक्ष, बाबूलाल कर्णावत को उपाध्यक्ष, लादुराम राजपूत को कोषाध्यक्ष, रामलाल पाराशर को महामंत्री बनाया गया। इसके साथ ही सदस्यों में मंगलसिंह, वेदप्रकाश, पोखरमल कुमावत, सचिन शर्मा, सुरेश सक्सेना, बाबूलाल मेहरा आदि सदस्य मनोनीत किये गये।

### सेंट्रल जेल में मिट्टी में दबा मिला मोबाइल

**जयपुर** । जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जेल प्रशासन को तलाशी के दौरान जेल में मिट्टी में मोबाइल दबा मिला। जेल प्रशासन ने बंदी प्रदीप रावत के खिलाफ लाल कोठी थाने में मोबाइल रखने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि जेल प्रहरी सुमेर सिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि जेल के वार्ड नंबर 4 के बैरक नंबर 2 की तलाशी कर रहा था। इस दौरान बैरक के सामने मंदिर के पीछे मिट्टी की स्थिति देखने पर शक हुआ। उस जगह खुदाई करवाई। यहां पन्नी में बंद की-पैड वाला मोबाइल फोन मिला। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि यह मोबाइल विचाराधीन बंदी प्रदीप रावत का है। लाल कोठी थाने के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जुगल किशोर ने बताया कि जेल से मिली रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मोबाइल जब्त कर लिया है। कोर्ट से परमिशन लेकर जेल में बंदी से पूछताछ की जाएगी। यह मोबाइल कहां से लेकर आया और क्या काम में लेता था।